NT>

Title: Regarding patent of `Gomutra', Turmric and Neem by USA.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : अध्यक्ष महोदय, अखबारों में खबर छपी है कि जो पंचद्रव्य में दूध, घी, गौमूत्र, गोबर सभी होता था, हम लोगो को पता चला कि मल्टीनेशनल और अमेरिकी लोग उसे पेटेण्ट करा रहे हैं, नीम को पेटेण्ट करा रहे हैं, हल्दी को पेटेण्ट करा रहे हैं, हमारी जो पुरानी संस्कृति की चीजें हैं, और सरकार इस पर चुप बैठी है, सरकार कौन सी कार्रवाई कर रही है, इसे बचाने के लिए, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जो पुरानी चीजें है। ये गौमूत्र और गऊ की चर्चा करते हैं, लेकिन हमारा जो गौमूत्र है, मैडीसन है, चरक सूत्र का वचन है, इसे मल्टीनेशनल और अमेरिकी लोग पेटेण्ट करा रहे हैं। सरकार इस बारे में कौन सी कार्रवाई कर रही है? सरकार के नोटिस में यह बात है या नहीं? सरकार इस पर संरक्षण कब देगी, कैसे देगी, क्या कार्रवाई कर रही है, यह तो सरकार बताये, नहीं तो गौमूत्र और पंचद्रव्य, नीम, हल्दी सब हमारा जा रहा है और अमेरिका पेटेण्ट करा रहा है ?

MR. SPEAKER: He is associating with you.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : आपका विाय बहुत महत्व का है। इसके अलावा तीन और सदस्यों का भी इश्यू है। मैं एक के बाद एक को बोलने की इजाजत दूंगा।